## खबर संक्षेप



### जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम संपन्न

चंडीगढ़। मेरा युवा भारत केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 17वें जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यक्रम 2 से 8 नवंबर तक युवा कल्याण विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों के जनजातीय युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समझ और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता महेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक, खेल चंडीगढ़ प्रशासन ने मुख्य अतिथि के रूप में की।

### मानव त्वचा से बने इंप्लांट से कंधे की सफल सर्जरी

गुरुग्राम। भारत में पहली बार इंसान की स्किन से बनी जैविक इंप्लांट (ह्यूमन डर्मल एलोग्राफ्ट-आर्थ्रोफ्लेक्स) की मदद से आर्थ्रोस्कोपिक सुपीरियर कैप्सुलर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। यह कारनामा ऑर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉ. दीपक चौधरी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने किया है।यह एक आधुनिक और बेहद बारीक की-होल तकनीक यानी छोटे चीरे वाली सर्जरी है, जिससे कंधे की गंभीर चोट यानी रोटेटर कफ टियर वाले मरीजों को नई उम्मीद मिली है। इस तकनीक से कंधे की मजबूती और स्टेबिलिटी वापस आती है, दर्द कम होता है और मरीज को जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी बड़ी सर्जरी से भी बचाया जा सकता है इस बारे में डॉ. दीपक चौधरी ने बताया कि रोटेटर कफ टियर तब होता है जब कंधे की मांसपेशियां फट जाती है।

### कल काले बिल्ले लगाकर विरोध जताएंगे डॉक्टर

चंडीगढ़। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने रविवार को अपनी मांगों को लेकर ऑनलाइन मैराथन बैठक की। दोपहर में बैठक के बाद देर शाम को एक बार फिर बैठक का दौर चल रहा है। डॉक्टरों ने उनकी मांगों पर सहमति बन जाने के बाद भी उन्हें पूरा नहीं किए जाने पर हैरानी जाहिर की। दूसरी तरफ प्रदेश और जिलों की बाडी से प्रतिनिधि लेकर एक कमेटी गठित कर दी है, जो प्रदेश में आंदोलन की रणनीति पर अंतिम फैसला लेगी। एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि एसएमओ (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) की भर्ती पहले सीधी नहीं बल्कि प्रमोशन से करने का प्रावधान तत्कालीन सेहत मंत्री अनिल विज ने किया था। पूर्व में सीधे एसएमओ भर्ती करने के मामले में भी डाक्टर विरोध करते रहे हैं, क्योंकि विभाग में पहले से काम करने वाले एमओ (मेडिकल अफसरों) को इससे प्रतिकूल प्रभाव होता है, काफी डॉक्टर तो एमओ भर्ती होकर मेडिकल ऑफिसर ही रिटायर हो जाते हैं। इस कारण हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के मंत्री रहते विरोध जताया, तो उन्होंने सीधी भर्ती पर रोक लगा दी थी।

## गुरु तेग बहादुर से प्रेरणा लेकर युवा देश व समाज के लिए काम करें - मनोहर लाल

# 'हिंद दी चादर' मैराथन को हरी झंडी 61 हजार युवाओं ने लिया भाग








हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केंद्रीय आवासन, ऊर्जा एवं शहरी मामले के मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि गुरु तेग बहादुर की शहादत से प्रेरणा मिलती है कि हमें समाज, धर्म और देश के लिए काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री रविवार एनडीआरआई चौक पर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित हिंद की चादर मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु साहब के 350 साला शहीदी दिवस पर करनाल के साथ-साथ देश भर में यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हजारों नौजवान 9वें गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं।

### 'गुरु' का महिमा अल सुबह ही पहुंच गए हजारों युवा

यहां आयोजित यात्रा (दौड़) इतिहास रच रही है। सैकड़ों युवाओं ने सुबह 5.30 बजे ही 21 किमी लंबी और उसके बाद 6.30 बजे 10 किमी लंबी दौड़ शुरू कर दी। अब 61 हजार युवा-युवतियां 5 किमी लंबी दौड़ में भाग ले रहे हैं। मनोहर लाल ने कहा कि यह केवल दौड़ नहीं बल्कि देश को आजादी दिलाने वालों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने का एक उत्साह, जज्बा और भावना है। इस दौरान शहर में श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

### शिष्यों की शहादत को भी याद किया

*उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर द्वारा देश व समाज के लिए दी गई शहादत की घटना 1675 ईस्वी की है। गुरु जी एक सत्संग में बैठे थे। तब कुछ कश्मीरी पंडित कृपा राम के नेतृत्व में उनके पास आए और बताया कि उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है। यातनाएं दी जा रही हैं। तब गुरु साहब ने कहा कि किसी महापुरुष द्वारा बलिदान देने पर धर्म परिवर्तन बंद हो सकता है। ऐसा करने से लोगों में जागृति आएगी। साथ बैठे 9 वर्षीय उनके पुत्र (जो बाद में 10वें गुरु गोविंद सिंह जी हुए) ने कहा कि ऐसा महापुरुष आपके अलावा और कौन हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि एक पुत्र ने पिता से कहा कि बलिदान देना है तो हम जैसे लोगों को देना चाहिए। गुरु साहब ने पंडित कृपा राम से कहा आप सुल्तान से कह दें कि पहले गुरु तेग बहादुर का धर्म परिवर्तन करें। संदेश पाने के बाद सुल्तान ने सेना भेजकर गुरु साहब को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें पहले सरहिंद और फिर दिल्ली लाया गया। गुरु साहब के साथी भाई मतिदास, भाई दयाला और भाई सती दास ने भी साथ ही बलिदान देने की बात कही।*

### 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन व प्रदर्शनी का समापन

चंडीगढ़। केंद्रीय आवासन, शहरी एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के भीड़भाड़ वाले शहरों में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मेट्रो सेवा का विस्तार किया जा रहा है। अब मेट्रो के लाइसेंस के साथ लास्ट लाइन कनेक्टिविटी का लाइसेंस अलग से लेने की आवश्यकता नहीं रहेगी, मेट्रो सेवा के लाइसेंस में ही उक्त लाइसेंस प्रक्रिया को शामिल किया जाएगा। उन्होंने लास्ट माइल कनेक्टिविटी के महत्व पर जोर दिया, खासकर व्यस्त शहरों में, ताकि लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। केंद्रीय मंत्री रविवार गुरुग्राम में आयोजित 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन के समापन समारोह में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधिगण को संबोधित कर रहे थे।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि तीन दिन तक चले इस सम्मेलन में केवल विचार-विमर्श ही पर्याप्त नहीं रहा बल्कि उन विचारों को व्यवहार में लाना भी आवश्यक है।

## बिहार विधानसभा चुनाव : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया रोड शो

# एनडीए के पक्ष में बिहार की जनता में जबरदस्त उत्साह



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार के बगाह विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में भव्य चुनावी रोड शो किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता में एनडीए के प्रति जबरदस्त उत्साह है और जनता आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की सरकार चुनने जा रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार जनकल्याण और विकास के नए आयाम गढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने और विकास को नई दिशा देने के लिए एनडीए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही प्रशासन की नीति को ध्यान में रखते हुए बिहार की जनता इस बार भी एनडीए को चुनाव में कामयाबी दिलाएगी।

### सुशासन की यात्रा को निरंतर बनाए रखें : नायब सिंह

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार ने हमेशा सुशासन को प्राथमिकता दी है। एनडीए सरकार ने प्रदेश में विकास की गति तेज की, कानून का राज कायम किया और बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए पर भरोसा जताकर उसे शासन का अवसर दिया और आज उसके परिणाम सबके सामने हैं। विकास हो रहा है, सुरक्षा और स्थिरता का माहौल है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने से राज्य को ट्रिपल इंजन की ताकत मिलेगी, जिससे विकास और तेजी से होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एनडीए गठबंधन को सफल बनाएं और सुशासन की इस यात्रा को निरंतर बनाए रखें।

## पार्टी की दिल्ली में हाईलेवल मीटिंग

# वोट चोरी को लेकर कांग्रेस प्रदेश भर में करेगी प्रदर्शन, जिला कोर्डिनेटर नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- बैठक में नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित सांसद, विधायक व जिला अध्यक्ष भी शामिल हुए

हरियाणा में कांग्रेस संविधान बचाने और वोट चोरी के मुद्दे पर हर जिले में एक-एक बड़ा प्रदर्शन करेगी। इसकी शुरुआत करनाल से होगी। इसके लिए जिला कोर्डिनेटर नियुक्त किए है। इसके बाद अलग-अलग जिलों में यह कार्यक्रम होंगे। दिल्ली के इंदिरा भवन में हरियाणा कांग्रेस के नेताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी सैलजा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित कई नेता मंच पर बैठे नजर आए। बैठक के बाद पूर्व कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ने कहा कि हरियाणा में जिस व्यापक स्तर पर चुनाव आयोग ने भाजपा से मिलीभगत करके मतदाता सूची में हेरफेर करने का काम किया है। प्रजातंत्र को बचाने के लिए हम लड़ाई लड़ेंगे जिसके लिए हमने विस्तृत कार्यक्रम तय किए हैं। हर जिले में प्रदर्शन किए जाएंगे। हर जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर निकलेंगे और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। वहीं कांग्रेस की इस बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी के अलावा जिलाध्यक्ष भी शामिल हुए। राहुल गांधी के वोट चोरी को लेकर उठाए मुद्दे को कांग्रेस पूरे हरियाणा में उठाने जा रही है।

## सरकार की नीतियों से मरीज परेशान : सैलजा

# प्रदेश में आर्थोपेडिक सर्जन नहीं हर्निया के ऑपरेशन भी टल रहे



चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य नीतियों पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा है कि सरकार की उपेक्षा और अव्यवस्थित प्रणाली के कारण गरीब वर्ग विशेष रूप से ग्रीन कार्ड धारक और आयुष्मान भारत योजना से जुड़े मरीज भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण आमजन को घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, जबकि उन्हें निःशुल्क और सहज स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए थीं। सैलजा ने कहा कि सरकार ने खर्च घटाने और नीतिगत सुधार के नाम पर जो कदम उठाए हैं, वे वास्तव में गरीब और मध्यम वर्ग की पीड़ा बढ़ाने वाले साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा सहित राज्य के अधिकांश जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं, अनेक विभागों में तकनीशियन नहीं हैं, और आवश्यक उपकरण या तो अनुपलब्ध हैं या खराब अवस्था में पड़े हैं। स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती हैं, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे पूरी तरह उपेक्षित कर दिया है। जिससे गरीब लोग परेशान हो रहे है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा का महिला सम्मेलन

# देश को विकसित बनाने के लिए हर महिला को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनना होगा : रेखा शर्मा

पंचकूला। भाजपा मुख्यालय पंचकमल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, आज विभिन्न सामाजिक क्षेत्रो में महिला श्रमबल भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2014 में देश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो में आने के बाद महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने अपने सम्बोधन में कहा, पौराणिक काल से भारतीय परंपरा में महिलाओ का स्थान सदैव से अग्रणी और पूजनीय रहा है। उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है, जब जब देश, समाज या परिवार पर संकट के बादल छाये तब तब नारी शक्ति ने आगे बढ़ कर मोर्चा संभाला और संकट से बाहर निकालने का काम किया है।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही महिलाएं




सम्मलेन की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा, रक्षा, ज्ञान, विज्ञानं, अनुसंधान, खेल, कला, साहित्य जैसे तमाम क्षेत्रों में आज की भारतीय नारी सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर ज़ोर देते हुए कहा, आज के इस नए हिन्दुस्तान में देश की हर महिला को आत्मनिर्भर बनना होगा, याचक की बजाय दाता की भूमिका में आने होगा। रेखा शर्मा ने कहा, आज पूरे विश्व में सबसे ज्यादा महिला पायलट भारत में है, बैंकिंग व्यवस्था में लगभग 40 प्रतिशत बैंक खाते और इसमें जमा राशि महिलाओं की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वितरित किये गए घरों का स्वामित्व महिलाओं के नाम पर है।

# चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी ने घोषित किए पुरस्कार



चंडीगढ़। चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) ने सीएलएफ लिटराटी अवॉर्ड्स 2025 की पहली लॉन्गलिस्ट की घोषणा की है। यह पुरस्कार अंग्रेज़ी और हिंदी में प्रकाशित उत्कृष्ट फिक्शन और नॉन-फिक्शन कृतियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से शुरू किए हैं।सीएलएस चेयरपर्सन डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि सीएलएफ लिटराटी बुक अवॉर्ड्स का उद्देश्य भारत में समकालीन लेखन की रचनात्मकता, मौलिकता और सांस्कृतिक प्रभाव को सम्मानित करना है। इस लॉन्गलिस्ट में भारत के प्रसिद्ध लेखकों के साथ-साथ नई पीढ़ी के रचनाकारों की रचनाएं शामिल हैं, जो भारतीय साहित्यिक अभिव्यक्ति की गहराई और विविधता को दर्शाती हैं। डॉ. सुमिता मिश्रा जो सीएलएफ लिटराटी 2025 की फेस्टिवल डायरेक्टर भी हैं ने कहा कि साहित्य यह तय करता है कि हम अपने आसपास की दुनिया और स्वयं को किस दृष्टि से देखते हैं।

# 'प्रिंस' प्रकरण पर फरीदाबाद प्रशासन के खिलाफ मानवाधिकार आयोग सख्त

चंडीगढ़। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने मृतक प्रिंस प्रकरण में फरीदाबाद नगर निगम की निष्क्रियता और आदेशों की निरंतर अवहेलना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त, फरीदाबाद के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा ने आदेश में कहा है कि आयुक्त स्पष्ट करें कि आयोग के पूर्व में पारित स्पष्ट व बाध्यकारी निर्देशों की अनुपालना में विफल रहने पर उनके विरुद्ध मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा

### नोटिस जारी किया

13(2) के अंतर्गत अनुशंसात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा द्वारा पारित आदेश में यह कहा गया है कि नगर निगम फरीदाबाद ने आयोग के आदेशों की अवमानना करते हुए अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया है। यह आचरण न केवल प्रशासनिक उदासीनता को प्रदर्शित करता है, बल्कि नागरिकों के मूलभूत अधिकारों के प्रति घोर असंवेदनशीलता का परिचायक है। आयोग अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ा संदेश दिया है कि मानव जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रशासनिक लापरवाही, आदेशों की अवमानना और जिम्मेदारी से पलायन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ऑनलाइन रजिस्ट्री की रफ्तार सुस्त होने से राजस्व का नुकसान

राजस्व मंत्री ने आज बुलाई बैठक, विभाग के आला अधिकारी जुटेंगे

# पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड नहीं हो पा रहे मंत्री व अधिकारी बोले, सुधार किया जा रहा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

**12 से त्रुटियों को दूर कर बिना अतिरिक्त शुल्क दस्तावेजों को अपलोड किया जा सकेगा**

प्रदेश में ऑनलाइन रजिस्ट्री की रफ्तार फिलहाल मंद है, जिसे पूरी तरह से पटरी पर आने में थोड़ा वक्त लगेगा। प्रदेश के जिन जिलों में पहले सप्ताह भर में तीन अंको में रजिस्ट्री होती थी, वहां गत चार पांच दिनों में दो अंको में भी पंजीकरण हुआ है। जिसके कारण राजस्व प्राप्त पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है। रजिस्ट्री की रफ्तार मंद हो जाने और दिक्कतों से हलकान हुए लोगों ने जब पूरे मामले में वरिष्ठ मंत्री विपुल गोयल और राजस्व विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव से गुहार लगाई, तो पोर्टल में सुधार किया गया। मंत्री विपुल गोयल ने बीती रात साफ कर दिया था कि पेपरलेस रजिस्ट्री का बंद नहीं किया गया है, बल्कि यह मुहिम जारी रहेगी। 12 नवंबर से त्रुटियों को दूर कर बिना अतिरिक्त शुल्क दस्तावेजों को अपलोड किया जा सकेगा।

### राजस्व विभाग ने की सुधार की बड़ी पहल

यहां पर बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा दिवस पर ऑनलाइन रजिस्ट्री की शुरुआत की थी। पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत लोगों को राहत देने व उनका काम आसान करने, समय व पैसे की बचत के लिए किया गया था। राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने दावा किया है कि लोगों की सुविधा के लिए पोर्टल में कई सुधार किए गए हैं। इस कारण से अभी गति मंद हुई है, क्योंकि शुरुआती दौर है। आने वाले दिनों में यह कामकाज दोगुनी गति से होगा। दरअसल, अपलोड करने की क्षमता में तकनीकी दिक्कतें थी, जिनको दूर कर दिया गया और अब क्षमता को 40 एमबी किया गया है।

### जल्द पटरी पर आएगी व्यवस्था

मंत्री और प्रशासनिक अफसरों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्री की रफ्तार को आने वाले दिनों में तेज कर दिए जाने की बात कही गई है। उदाहरण के तौर पर पंचकूला जिले को ही लें, तो यहां पर एक सप्ताह के अंदर 3 सौ और उसको ऊपर रजिस्ट्री हुई करती थीं। गत चार पांच दिनों के आंकड़ों पर गौर करें, दो दर्जन पंजीकरण हुए हैं। इसका विपरीत प्रभाव यह है कि राजस्व की हानि हो रही है, वहीं लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ गया है। पंचकूला तहसील में इस सप्ताह तीन रजिस्ट्री हुई हैं, जबकि मोरनी में कोई रजिस्ट्री नहीं, बरवाला में मात्र दो, रायपुररानी में सबसे ज्यादा 17 व कालका बड़ा एरिया होने के बाद भी जीरो पंजीकरण रहा है। जिला उपायुक्त सतपाल शर्मा का दावा है कि तकनीकी दिक्कतों को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ तकनीकी कारण से फरद को अपलोड करने में दिक्कत आ रहीं हैं। बाकी जिलों में भी कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है, साथ ही आमतौर पर जो पंजीकरण हुआ करते थे, उनके मुकाबले काफी कम रिजस्ट्री हुई हैं। जिससे राजस्व आने की रफ्तार भी मंद हुई है।

**प्रोपर्टी आईडी का इस्तेमाल होगा:** एचएसवीपी हरियाणा हाउसिंग बोर्ड अन्य की रजिस्ट्री प्रापर्टी आईडी के माध्यम से होंगी। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने कहा की शुरुआती दौर है, इसलिए नई प्रणाली में कुछ चुनौतियां आ रहीं हैं। इन सभी समस्याओं के हल के लिए हमने जनता को राहत देने के लिए शिकायत निवारण के लिए भी व्यवस्था कर दी है। जिन्हें कुछ भी दिक्कत हैं, वे संपर्क कर उसके समाधान के लिए बोल सकते हैं। जिसका निवारण होगा।

### लोगों को परेशान नहीं होने देंगे : गोयल

राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने वैसे, सोमवार को राजस्व विभाग के आला अफसरों की बैठक बुलाई है। प्रदेश के लोगों को दिक्कत नहीं आने देंगे, पेपरलेस रजिस्ट्री को लेकर मेरे पास फीडबैक आया है।

### विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया

खास बात यह है कि राज्य के सभी जिलों में राजस्व विभाग, खासतौर पर रजिस्ट्री के कामकाज में जुड़े सभी कर्मियों अफसरों को आईटी की टीम और विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग दी गई थी। खासतौर पर इस काम में लगे डीड राइटर्स प्रापर्टी डीलर्स लेकिन दस्तावेजों को अपलोड करने के काम में दिक्कतों के कारण कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दे रहा है। अधिकांश जिलों से इस तरह की शिकायतें हैं।

## राज्यपाल ने तमिल संगम की 55वीं वर्षगांठ समारोह में हिस्सा लिया

# सिटी ब्यूटीफुल के निर्माण व रखरखाव में तमिल समुदाय के लोगों का अहम योगदान : प्रो. घोष

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने रविवार को चंडीगढ़ तमिल संगम की 55वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान सामाजिक कल्याण, शिक्षा और सांस्कृतिक सद्भाव में इसके निरंतर योगदान के लिए इसकी सराहना की। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष भी उपस्थित थीं। समारोह को संबोधित करते हुए, राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने पर अपार प्रसन्नता व्यक्त की और याद दिलाया कि कैसे तमिल समुदाय के सदस्य लगभग छह दशक पहले चंडीगढ़ आए थे, जब स्वतंत्रता के बाद सिटी ब्यूटीफुल का निर्माण हो रहा था। उन्होंने कहा, सिटी ब्यूटीफुल के निर्माण और रखरखाव में आपका योगदान अत्यंत सराहनीय है। संगम द्वारा अपनी एमरल्ड जुबली को दान के उत्सव के रूप में मनाने की पहल की सराहना करते हुए, प्रो. घोष ने विद्या धनम पहल के माध्यम से वंचित बच्चों में शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ₹आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करके राष्ट्र निर्माण के प्रति आपके समर्पण को देखकर बहुत खुशी होती है।

### समाजसेवा के कार्यों की प्रशंसा




संगम के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने जरूरतमंद छात्रों को पाठ्यपुस्तकें, नोटबुक, स्कूल बैग, स्टेशनरी और साइकिल उपलब्ध कराने में संगम की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने संगम के भारती के गर्मजोशी साझा करने के उत्सव की भी प्रशंसा की, जो सर्दियों के दौरान जरूरतमंदों को ऊनी कपड़े प्रदान करता है, और इसे करुणा और दया का एक ज्वलंत उदाहरण बताया। संगम के सांस्कृतिक महत्व पर ज़ोर देते हुए, राज्यपाल ने चंडीगढ़ के बहुसांस्कृतिक ताने-बाने में तमिल परंपराओं और मूल्यों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। कलाकारों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा उन्हें यहां सजीव भारत के दर्शन हुए।

**खबर संक्षेप**

### 74 वर्षीय बुजुर्ग महिला से ठगे आभूषण

**बहादुरगढ़।** शहरों के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र में भी बुजुर्ग महिलाओं के साथ पता पूछने के बहाने आभूषण ठगी की वारदात होने लगी हैं। ताजा मामला गांव जसोरखेड़ी का है। यहां एक बुजुर्ग महिला से दो शातिरों ने सोने की बालें ठग लिए और चंपत हो गए। आसौदा थाना पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। वारदात 74 वर्षीय शांति के साथ हुई है। जसोरखेड़ी की निवासी शांति का कहना है कि सुबह करीब छह बजे वह टहलने के लिए लोहारहेड़ी रोड पर गई थी।

### भाई-बहन पर रॉड व डंडों से हमला किया

**गोहाना।** रामगढ़ गांव में एक घर में घुसकर महिला व उसके भाई की रॉड व डंडों से पिटाई की गई। महिला ने चार लोगों पर मारीपट करने का आरोप लगाया है। सदर थाना में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला कमलेश ने पुलिस को बताया कि घर में सीसीटीवी लगवाए थे। आरोप है कि मुन्ना ने 8 नवंबर को सीसीटीवी के साथ तोड़फोड़ की। इसको लेकर उसने अपने भाई सतीश को फोन करके बुला लिया।

**सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा:** फरीदाबाद में दूसरे दिन धीरेंद्र शास्त्री को देखने क्रेन पर चढ़े युवक

# हिंदुओं सेना को पैसा दान करो पाक को उड़ाने के काम आएगा

**51 बुलडोजर से पदयात्रा पर हुई पुष्प वर्षा, कथावाचक अनिरुद्धाचार्य भी शामिल हुए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का रविवार को फरीदाबाद में दूसरा दिन है। यात्रा दशहरा ग्राउंड से शुरू हुई। इस दौरान उनके साथ कथावाचक अनिरुद्धाचार्य भी मौजूद रहे। यात्रा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- हिंदुओं भारतीय सेना को पैसा दान करों, जिससे ज्यादा से ज्यादा गोला बारूद आ सके और पाकिस्तान को उड़ाया जा सके। देश में क्रांति होने वाली है। धर्म विरोधी ताकतें देश को बर्बाद करती हैं। उधर, यात्रा के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़ रहे युवक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया।



फरीदाबाद। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री और कथा वाचक अनिरूद्धाचार्य जी महाराज सड़क पर बैठकर भोजन प्रसाद का आनन्द लेते हुए।

### फरीदाबाद बाबर की नहीं, गब्बर की धरती

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि फरीदाबाद बाबर की नहीं गब्बर की धरती है। हम हिंदुओं के लिए सड़क पर उतरे हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और अपनी एकता दिखाने के लिए सड़कों पर उतरना जरूरी है।

### भारत में रहने वाले सभी सनातनी

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि देश को जात-पात से मुक्त कराने के लिए तीन राज्यों में पदयात्रा निकाल रहे हैं। वे चाहते हैं कि देश का हिंदू समाज जागृत हो और देश में हिंदुओं की संस्कृति सुरक्षित रहे। भारत में रहने वाले सभी सनातनी हैं, और यह देश सनातनियों का है।

### पदयात्रा दशहरा मैदान से सुबह 8 बजे हुई रवाना

दिल्ली से वृन्दावन के लिए बागेश्वर धाम सरकार की तीसरे दिन की पदयात्रा दशहरा मैदान से सुबह आठ बजे रवाना हुई। यात्रा का महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश कुमार उर्फ रक्कू, हार्डवेयर चौक पर विधायक धनेश अदलक्खा, विधायक सतीश फागना, कविन्द्र चौधरी व एनआईटी क्षेत्र के पार्षदों ने 40 जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा करवाई, बल्लभगढ़ मार्किट कमेटी के अध्यक्ष संजीव बैंसला, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष सोहनपाल छौकर, प्रवक्ता लक्ष्य शर्मा, बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड के समीप विधायक मूलचंद शर्मा, पं. टिपरचंद शर्मा, मार्किट के प्रधान प्रेम खट्टर, ईश्वर दयाल व बल्लभगढ़ क्षेत्र के पार्षदों, कैली गांव में खाटू श्याम मंदिर व बालाजी मंदिर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### जेसीबी से सनातनियों के ऊपर पुष्प वर्षा

जैसे ही तीसरे दिन की यात्रा आगे बढ़ी वैसे ही कुछ दूर बाद 51 जेसीबी से सनातनियों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। करीब 500 मीटर तक सिर्फ जेसीबी रखी दिखाई दे रही थी। भारी भीड़ का बुलडोजर से अभूतपूर्व स्वागत किया गया। आधा घंटे से अधिक समय तक लगातार पुष्प वर्षा होती रही। रावण की पोशाक पहनकर यात्रा में शामिल हुआ एक युवक जय श्री राम के नारे लगाता देखा गया। युवक ने महाराज का आशीर्वाद लिया और कहा बिना राम राज्य के लोगों का कल्याण नहीं होगा। हिंदू राष्ट्र बनाने से ही देश विश्व गुरु बन सकता है। युवक काफी देर तक यात्रा में चला रहा महाराज ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि जब रावण जय श्री राम बोलने लगे तो समझ लीजिए अब हिंदू राष्ट्र बनने में ज्यादा देरी नहीं होगी।

**दवा संचालक से एक लाख की रिश्वत का मामला**

## वॉयस मिलान के बाद ड्रग कंट्रोल विभाग का क्लर्क गिरफ्तार

**जींद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने दवा संचालक से एक लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में मधुबन प्रयोगशाला में दवा कारोबारी तथा क्लर्क की वॉयस रिकार्डिंग मिलान होने के बाद जहां जिला ड्रग कंट्रोल विभाग के क्लर्क राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शिकायतकर्ता द्वारा कोर्ट के सामने दिए 164 के ब्यानों तथा एसीबी की डिस क्लोजर रिर्पोट में भी जिला औषधि नियंत्रक का नाम सामने आया है। अब एसीबी की टीम जल्द जांच के बाद अधिकारी के वॉयस सैंपल लेने की बात कह रही है। एसीबी की टीम ने पांच महीने पहले जींद निवासी एक दवा विक्रेता की शिकायत के आधार पर क्लर्क के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लेकिन मामले को लेकर मधुबन प्रयोगशाला में वॉयस सैंपल की रिपोर्ट पैंडिग होने के चलते एसीबी कोई कार्रवाई करने से बच रही थी। अब वॉयस रिकार्डिंग मिलान होने के बाद टीम ने यह कार्रवाई की है।

## हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक घायल

**जींद।** बैरागी धर्मशाला में बीती रात शादी के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीती रात बैरागी धर्मशाला में विवाह का आयोजन किया था। बारात भिवाना से आई हुई थी। ढुकाव के दौरान बाराती डीजे पर मस्त मे झूम रहे थे। नोट उड़ाने के दौरान हर्ष फायरिंग भी की जा रही थी। राम कालोनी निवासी वकील 18 बारातियों द्वारा उड़ाए जा रहे नोटों को चुग रहा था। उसी दौरान मस्ती में नाच रहे बाराती ने अपने पास मौजद असलहा से हर्ष फायर कर दिया। जिसमें गोली वकील के कुल्हे में जा लगी। जिसके बाद शादी मे हड़कंप मच गया। हर्ष फायर करने वाला व्यक्ति वहां से खिसक गया। मौके पर मौजद लोगों ने युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

**महापुकार रैली में प्रदेशभर के सफाई कर्मचारी पहुंचे**



**सीएम के कैंप आफिस की ओर कूच किया**

## प्रदेशभर के सफाई कर्मी कुरुक्षेत्र में गरजे

*प्रशासन ने लिखित में आश्वासन दिया कि 8 दिसंबर को मांगों पर बातचीत कराई जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों व विश्वविद्यालयों के सफाई कर्मचारियों ने देवीलाल पार्क में महापुकार रैली का आयोजन किया। रैली में शामिल हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने सीएम के कैंप आफिस की ओर कूच किया। सफाई कर्मचारियों के आक्रमक तेवरों को देखते हुए बैरिकेडिंग लगाकर रोका और प्रशासन ने लिखित में आश्वासन दिया कि 8 दिसंबर को सीएम की अध्यक्षता में ऑल हरियाणा सफाई कामगार संघर्ष समिति व सरकार के साथ मांगों पर बातचीत की जाएगी। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा सीटू के राज्य प्रधान बसाऊं राम ने ऐलान किया कि अब प्रदेश के सफाई व सीवर कर्मचारी एकजुट होकर शोषण के खिलाफ और ठेका प्रथा समाप्त कर रेगुलर करवाने व 26 हजार न्यूनतम वेतन आदि मांगों को लेकर सभी सफाई व सीवर कर्मचारी 20-21 मार्च को दो दिवसीय हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल से पहले 11-12-13 फरवरी, 2026 को सभी विधायकों को मांगों के ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

**पूछताछ में आरोपियों ने उगले राज**

## पैसे के लालच में युवकों ने फेंका था पुलिस चौकी के पास हैंड ग्रेनेड

***अमेरिका में बैठा करण दे रहा था नकदी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गुहला क्षेत्र में अजीमगढ़ चौकी पर ग्रेनेड फेंकने के मामले में अभी पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी, पटियाला के नन्हेड़ा गांव निवासी गुरप्रीत और गुर दयालपुरा के रहने वाले हरमनप्रीत से पूछताछ में सामने आया है कि अमेरिका में बैठा करण ने दोनों के खातों में 30-30 हजार रुपये भी डलवाए थे, ताकि वे इससे अपने खर्चे कर सकें। करण ने रुपये डालते हुए यह कहा था कि उनको भी विदेश भेज देंगे और इसके लिए जो भी खर्चा आएगा, वह दे देंगे। आरोपियों ने बताया कि उसी ने गुरप्रीत और हरमनप्रीत को ग्रेनेड अटैक के लिए राजी किया था और साथ ही अन्य युवाओं को ग्रुप से जोड़ने के प्रयास में था। हालांकि हमले की पूरी जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशल आतंकी संगठन ने ली। हांलाकि बताया जा रहा है कि हमला करवाने का मास्टरमाइंड करण ही रहा हैं।

**शादी में शामिल होकर कार से घर लौट रहा था**

## संदिग्ध हालात में गोली लगने से युवक की मौत

***जैजैवंती तथा जुलाना के बीच गाड़ी में हुई वारदात***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव जैजैवंती तथा जुलाना के बीच ब्रेजा गाड़ी में संदिग्ध हालात में चली गोली चलने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे की गोली मार कर हत्या की गई है। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बुपनिया (झज्जर) निवासी शुभम (17) गांव के ही अपने चार दोस्तों के साथ शादी में जींद आया था। बीती देर शाम चारों ब्रेजा गाड़ी में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैजैवंती तथा जुलाना के बीच गाड़ी में संदिग्ध हालात में गोली चल गई। गोली सौरभ की छाती में जा लगी।



मृतक सौरभ



